जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक :जीविवि/दीक्षांत/2015/9353 दिनांक 08/07/15

//अधिसूचना//

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ अधिसूचित किया जाता है, कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह दिनांक– 11 सितम्बर–2015 को सम्पन्न होने जा रहा है। इस समारोह में मानद् उपाधि, डीएससी, डी.लिट. पीएचडी , एम.फिल, तथा स्नातकोत्तर के अभ्यर्थियों को उपाधि प्रदान की जावेगी। सभी अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे समारोह में उपस्थित होकर अपनी उपाधियां प्राप्त करे। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने सत्र 2013–14 में स्नातकोत्तर उपाधि अर्जित की है। वे उपाधि प्राप्त करने हेतु दिनांक 30 अगस्त 2015 तक पंजीयन शुल्क रू. 500/ जो कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्याालय,ग्वालियर के नाम से देय हो. ड्राफट अथवा जीवाजी विश्व विद्यालय के परिसर स्थित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में चालान द्वारा जमा कर विश्वविद्याालय की उपाधि शाखा में अपना पंजीयन करा सकते हैं। पी.एच.डी, डी.एस.सी. डीलिट. एम.फिल. उपाधि धारकों हेतु पंजीयन शुल्क रूपये 500/– के साथ उपाधि शुल्क रूपयें 280/ कुल रूपये 780/ जमा करना है।

समस्त उपाधि धारको को आवेदन के साथ एक फोटो, अंतिम वर्ष की अंकसूची की फोटोकॉपी एवं पी.एच.डी, डी.एस.सी, डी.लिट, उपाधि धारको को नोटिफिकेशन की फोटो प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

उक्त संबंध में अन्य जानकारी, छात्र दूरभाष क्रमांक 0751–2442712, 2442713, टोल फ्री नम्बर 1800–233–1964 तथा कुलसचिव के निज सहायक से दूरभाष क्रमांक0751–2442801 पर अथवा विस्तृत विवरण एवम प्रपत्र जीवाजी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu पर अवलोकन कर सकते है।

कुलसचिव